श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय स्थापित करेगा उत्तर भारत की सबसे बड़ी लॉजिस्टिक स्किल एकेडमी

चर्चा में क्यों?

28 जून, 2023 को हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा निदेशालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राज्य के पलवल ज़िले में स्थित श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय उत्तर भारत की सबसे बड़ी लॉजिस्टिक स्किल एकेडमी स्थापित करेगा।

प्रमुख बिंदु

- लॉजिस्टिक क्षेत्र में कुशल कामगारों की मांग को देखते हुए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने लॉजिस्टिक स्किल एकेडमी स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस एकेडमी में हर साल लगभग 3000 युवाओं को लॉजिस्टिक हब के लिये प्रशिक्षित किया जाएगा।
- इस परियोजना में टीवीएस लॉजिस्टिक कंपनी श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की भागीदार होगी।
- विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि यह रोज़गार का बहुत तेजी से उभरता क्षेत्र है। लॉजिस्टिक क्षेत्र में ट्रेंड लोगों की कमी है। इस एकेडमी के माध्यम से लॉजिस्टिक कंपनियों के लिये बड़ी संख्या में युवाओं को ट्रेंड किया जा सकेगा।
- इस एकेडमी के माध्यम से आठवीं और दसवीं पास उन युवाओं को रोज़गार के अवसर मिलेंगे, जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस हैं। उन्हें लॉजिस्टिक स्किल एकेडमी में प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- इसके लिये लॉजिस्टिक सेक्टर की ज़रूरत के हिसाब से कोर्स डिजाइन किया जाएगा। इसमें लॉजिस्टिक क्रेन ऑपरेटर के जॉब रोल के साथ-साथ अन्य माल वाहक वाहनों को ऑपरेट करने की ट्रेनिंग दी जाएगी।
- लॉजिस्टिक स्किल एकेडमी में ट्रेनिंग करने वाले युवाओं को टीवीएस लॉजिस्टिक्स में रोज़गार के अवसर मिलेंगे। इससे एनसीआर के ज़िलों के साथ-साथ प्रदेश के दूसरे ज़िलों के युवाओं को भी रोज़गार के अवसर प्राप्त होंगे। सालाना लगभग दो लाख रुपए के पैकेज से यह शुरुआत होगी।
- कुलपति ने बताया कि जल्दी ही श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय और टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस कंपनी के बीच एक एमओयू होगा। इसके माध्यम से प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं की प्लेसमेंट का रास्ता साफ हो जाएगा।
- इसके अलावा दूसरी लॉजिस्टिक्स कंपनियों को भी इस लॉजिस्टिक स्किल एकेडमी के माध्यम से कुशल कामगार ऑपरेटर मिल पाएंगे।
- टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस के रीजनल चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर ऋषि दीवान ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय अलग-अलग स्किल जोड़ रहा है। इसी कड़ी में लॉजिस्टिक स्किल एकेडमी अपने आप में एक नया अध्याय होगा। इसके माध्यम से युवा शक्ति को प्रशिक्षित करके उसकी ऊर्जा का देश हित में सदुपयोग होगा।

[//](https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/shri-vishwakarma-kaushal-vishwavidyalaya-to-set-up-north-india-s-largest-llogistic-skill-academy)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/shri-vishwakarma-kaushal-vishwavidyalaya-to-set-up-north-india-s-largest-llogistic-skill-academy